लोक शिक्षण संचालनालय, मध्यप्रदेश

गौतम नगर, भोपाल – 462023

क्रमांक/अतिथि शिक्षक/2026-27/ 605 **भोपाल, दिनांक** 9-6-2026

प्रति,

जिला शिक्षा अधिकारी,
समस्त , म.प्र. ।

विषय:-शिफ्ट हुए विद्यालय की जानकारी को एंकर शाला के डाईस कोड में अपडेट करने के संबंध में।

उपरोक्त विषयांतर्गत विगत सत्रों में कार्य कर चुके अतिथि शिक्षकों के अनुभव की जानकारी शिफ्टिंग विद्यालय (एंकर शाला) में प्रदर्शित नहीं हो रही है, जिससे आवेदकों के अनुभव प्रमाणपत्र जारी नहीं हो पा रहे है ऐसे विद्यालयों की सूची जिला शिक्षा अधिकारी के लॉग इन पर उपलब्ध कराई गई है। इस हेतु शिफ्ट हो चुके विद्यालय में कार्यरत अतिथि शिक्षक अनुभव की जानकारी को एंकर शाला में शिफ्ट करने की सुविधा जिला शिक्षा अधिकारी के लॉग इन पर **Guest faculty Module** में उपलब्ध करा दी गई है।

जिला शिक्षा अधिकारी प्रदर्शित सूची अनुसार एजुकेशन पोर्टल 3.0 पर सावधानीपूर्वक शिफ्ट विद्यालय Old School Dise Code एवं शिफ्टिंग New School Dise Code दर्ज कर परीक्षण कर सावधानीपूर्वक जानकारी अपडेट करने की कार्यवाही **दिनांक 15-06-2026 तक** पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

(के. के. द्विवेदी)
संचालक
लोक शिक्षण, मध्यप्रदेश

पृ. क्र./अतिथि शिक्षक/2026-27/ 606 **भोपाल, दिनांक** 9-6-2026

प्रतिलिपि:-

1. विशेष सहायक, माननीय मंत्री जी, स्कूल शिक्षा विभाग, म.प्र.
2. सचिव, म.प्र. शासन, स्कूल शिक्षा विभाग, म.प्र.
3. संचालक, राज्य शिक्षा केन्द्र, भोपाल।
4. महाप्रबंधक, निक्सी, सतपुड़ा भवन, भोपाल की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित।
5. कलेक्टर, समस्त जिले, मध्यप्रदेश।
6. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, समस्त जिले।
7. समस्त संभागीय संयुक्त संचालक, म.प्र.
8. समस्त विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, म.प्र.
9. समस्त संकुल प्राचार्य हाई/हायर सेकण्डरी स्कूल, मध्यप्रदेश।

संचालक
लोक शिक्षण, मध्यप्रदेश

Scanned with OKEN Scanner